Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to address the problem of shortage of water for irrigation and drinking purposes in Shrawasti Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्री रामशिरोमणि वर्मा (श्रावस्ती) : माननीय अध्यक्ष जी, उत्तर प्रदेश के मेरे संसदीय क्षेत्र श्रावस्ती जिले के विधान सभा भिगना, गैसड़ी व तुलसीपुर के असिंचित, पथरीली व तराई क्षेत्र नेपाल बॉर्डर से सटे हुए हैं। यहां सिंचाई की पर्याप्त व्यवस्था न होना व पीने योग्य पानी न होने के कारण सारी फसलें सूख व बर्बाद हो जाती हैं, जिसके कारण किसानों की आर्थिक स्थिति अत्यधिक दयनीय हो गई है तथा पीने योग्य स्वच्छ जल नहीं मिलने के कारण उन्हें अनेकों बीमारियों का सामना करना पड़ता है। महोदय, आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र श्रावस्ती में सिंचाई के लिए सरकारी नलकूपों की व्यवस्था, पीने योग्य स्वच्छ पानी की व्यवस्था की जाए, जिससे किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी व पीने के लिए स्वच्छ जल उपलब्ध हो सके, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हो सके। धन्यवाद।